प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

चुनाव

18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव आज हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ सांसद ओम बिड़ला इस बार भी इस पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार हैं। वह पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया गुट ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को चुना है। दोनों उम्मीदवारों ने कल अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। सरकार और विपक्षी दल लंबे समय की बातचीत के बावजूद इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि आजादी के बाद से आज तक अध्यक्ष पद के लिए कोई चुनाव नहीं हुआ है। सरकार ने आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं से बात की है लेकिन विपक्ष शर्तों के साथ सामने आया है और उपाध्यक्ष पद की मांग की है।

मुख्यमंत्री

हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति मैदानी राज्यों से अलग है इसलिए अपनी सिफारिशों में वित्त आयोग प्रदेश पर विशेष ध्यान दे। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में हुई 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्त आयोग के सामने विस्तारपूर्वक राज्य की वित्तीय स्थिति रख दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल को वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए पानी पर सेस लगाना जरूरी है। साथ ही हिमाचल ने अपनी 68 फीसदी वन भूमि कटान पर भी रोक लगा रखी है जिसे ध्यान में रख कर वित्त आयोग हिमाचल के हित में अपनी सिफारशे दें।

नीट परीक्षा

मेडिकल स्नातक परीक्षा–नीट घोटाले में एक और आरोपी को महाराष्ट्र में लातूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संजय जाधव है। अब तक चार में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने कुल चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लातूर जिला परिषद स्कूल के शिक्षक जलील खान पठान को रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने नेताओं ने प्रदेश की जनता पर 9 उप चुनाव थोपे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि निर्दलीय विधायकों द्वारा त्यागपत्र देने को भाजपा कैसे न्यायसंगत करार दे रही है ? अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि निर्दलीय विधायकों का कर्तव्य था कि पांच वर्ष तक अपने क्षेत्र में काम करवाते, सरकार अगर उनकी बात नहीं सुनती तो आंदोलन करते अथवा भाजपा के पक्ष में चले जाते, मगर चुनाव की जरूरत नहीं थी।

उन्होंने कहा कि जनता ने विधानसभा के 6 उपचुनाव में भी भाजपा को नकार दिया है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार मजबूत है और जनता तीन उप चुनाव में भी कांग्रेस को समर्थन देगी।

नामांकन वापसी

प्रदेश में हो रहे तीन विधानसभा उप चुनावों के लिए आज नामांकन वापसी का अंतिम दिन है। देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए अभी 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इच्छुक प्रत्याशी दोपहर तीन बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। इसके बाद ही यह स्पष्ट होगा कि 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए किन प्रत्याशियों के बीच चुनाव होंगे।

नए कानून

देशभर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनके लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले। इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बीती रात से रूक–रूक कर वर्षा का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अलग चार दिनों के लिए बारिश और तूफान का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 28 और 29 जून को प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। इसी दौरान प्रदेश में मॉनसून के प्रवेश के भी आसार बन रहे हैं।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। 16वें वित्त आयोग के सामने रखे गए आंकड़ों में दिखाई दी हिमाचल प्रदेश की असलियत, आने वाला समय चुनौतियों से भरा शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है घट रहीं सरकारी नौकरियां, वेतन पर खर्चा नियंत्रण से बाहर। अमर उजाला की सुर्खी है फिजूलखर्ची रोकेगी सरकार, मंजूर बजट से अधिक खर्च पर रोक। दैनिक भास्कर के शब्द हैं वित्त आयोग के अध्यक्ष से स्पीकर ने की 250 करोड़ रूपए के अनुदान की मांग। हिमाचल दस्तक का कहना है हिमाचल सरकार ने वित्त आयोग को सौंपा 50 हजार करोड़ का प्रस्ताव।

दैनिक जागरण की एक खबर है 30 वर्ष आठ किलोमीटर के दायरे में की नौकरी, दूर भेजा तो कोर्ट में दे दी चुनौती। इसी पत्र की एक अन्य खबर है 30 को खोले जाएंगे लारजी बांध के गेट, न जाएं ब्यास के किनारे।

सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स ने सुर्खी दी है संविधान विरोधी कांग्रेस ने आपातकाल के रूप लोकतंत्र पर लगाया अमिट काला धब्बा।

टीजीटी भर्ती में पीजी की डिग्री भी मान्य शीर्षक से आपका फैसला लिखता है 15 साल बाद प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों के भर्ती एवं पदोन्नति नियम बदले।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है डिपुओं में मिलेंगे नामी कंपनियों के उत्पाद–दाल, तेल से लेकर कई प्रोडक्ट बड़ी कंपनियों से खरीदने की तैयारी।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं 6 जिलों में जमकर बरसे बादल, फिर भी नॉर्मल से 57 फीसदी कम बारिश। पंजाब केसरी लिखता है हिमाचल में 28 व 29 जून को भारी बारिश का अलर्ट।